


## एक नजर में



### कार्तिक मेले में मुशायरा संपन्न

**उज्जैन।** शनिवार को कार्तिक मेले में नगर निगम द्वारा कार्तिक मेला सांस्कृतिक मंच पर अखिल भारतीय मुशायरे ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की, मुशायरा में रात 4 बजे तक ठंड की सर्द हवाओं में भी चलती रही गीतों और गजलों की मेहफ़िल नगर निगम की ओर से आयोजित कार्तिक मेले में गत रात्रि को अखिल भारतीय मुशायरा आयोजित हुआ। जिसमें अनेक सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय शायरों ने शिरकत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। 19 प्रख्यात शायरों द्वारा अपने कलाम, गीत एवं गजलों को पेश किए गए। जिसमें आमंत्रित शायर शहज़ादा गुलरेज, हसन फतेहपुरी, शक़ील आज़मी, अज़्म शाकीरी, हामीद भुसावली, आदिल रशीद, विजय तिवारी, हाफिज कमाल, अतुल अजनबी, अलताफ ज़िया, नदीम शाद, अल्तमश अब्बास, सतलज राहत, निकहत अमरोही, नम्रता श्रीवास्तव, पपलु लखनवी, गुलरेज अली, मेहताब आलम, निजामत नदीम फ़रुख ने रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष रवि राय, नजमा बी फिरोज पठान, नाजिया सादिक कुरैशी, पार्षद इमरान खान, अनवर नागौरी, जाहिद हुसैन, मनोज मौर्य, रविकांत मगरदे इत्यादि ने शायरों का स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, मनोहर बैरागी, अंसार भाई हाथीवाले, सरफराज कुरैशी, शकील पटवारी, फैज मोहम्मद, अमजद लाला, इमरान खान, पूर्व पार्षद सलीम कबाड़ी उपस्थित रहे।




### कैडेट राष्ट्र की सेवा का संकल्प लें

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन की 10 मप्र एनसीसी बटालियन की एनसीसी इकाई द्वारा एनसीसी दिवस पर भारतीय संस्कृति का प्रदर्शन किया। सीनियर अंडर ऑफिसर रानू के नेतृत्व में कैडेट्स ने वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत, फ्लेग एरिया सहित नृत्य, भाषण सहित अन्य सांस्कृतिक प्रदर्शन किए। प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि युवाओं को देशभक्ति और अनुशासनात्मक जीवन से ओतप्रोत करने के लिये 1948 में राष्ट्रीय कैडेट कोर का गठन किया गया था। भारतीय एनसीसी की विश्व में अनूठी पहचान है। यह केवल देश की रक्षा के लिए नहीं बल्कि एनसीसी का समाज से सरोकार भी रहा है। श्रमदान, पर्यावरण बचाओ, आपदा निवारण तथा मानव सेवा के लिए रक्तदान जैसे प्रेरक काम एनसीसी के कैडेटस करते रहे हैं। समाज सेवा के इन कार्यों के लिए एनसीसी कैडेट्स की हमेशा प्रशंसा होती रही है। अनुशासित जीवन और बढ़ो के सम्मान की भावना भी एनसीसी में सिखाई जाती है। इस अवसर पर कैडेट यश परमार की अगुवाई में आकर्षक परेड और सलामी को प्रस्तुत किया गया। एनसीसी दिवस के अवसर पर कैडेट्स द्वारा रक्तदान किया। संचालन छात्र संघ प्रभारी डॉ. जफर महमूद ने किया। आभार डॉ. मोहन निमोले ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सीनियर अंडर ऑफिसर प्रतीक लोदवाल, अंडर ऑफिसर आयुष मालवीय सहित 50 से अधिक एनसीसी कैडेट उपस्थित थे।




### कबीर महाकुंभ की रूपरेखा तैयार की

**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चुड़ामणि के मुख्य आतिथ्य में संस्था द्वारा जरूरतमंदों को सर्दी से बचाव हेतु कंबल वितरित किये गये। साथ ही आगामी समय में कबीर महाकुंभ उज्जैन में मनाये जाने की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ में राष्ट्रीय महिला शक्ति की राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मायादेवी को व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण मालवीय आगर, प्रदेश उपाध्यक्ष सुंदरलाल मालवीय उज्जैन को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कबीर पंथ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चुरामणी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत राधाकिशन, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष महंत माया देवी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण मालवीय, प्रदेश उपाध्यक्ष सुंदरलाल मालवीय, संभाग प्रभारी उज्जैन महंत रतनदास, नारी शक्ति प्रदेश अध्यक्ष सुमन आंजना को मनोनीत किया गया। संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत राधाकिशन ने किया व आभार संभाग प्रभारी महंत रतनदास ने माना।

### मलखंब स्पर्धा आज से उज्जैन में

**उज्जैन।** 69 वीं राष्ट्रीय शालेय मलखंभ प्रतियोगिता आज 24 से 28 नवम्बर 2025 तक उज्जैन में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 24 नवम्बर को दोप. 3 बजे लोकमान्य तिलक उ.मा.वि. नीलगंगा उज्जैन के परिसर में होगा। जिला शिक्षा अधिकारी आनन्द शर्मा ने बताया कि शुभारंभ कार्यक्रम के अतिथि उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया, उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, उज्जैन नगर पालिक निगम के महापौर मुकेश टटवाल, उज्जैन नगर पालिक निगम सभापति कलावती यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष कमला कुंवर देवड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर सोलंकी, भाजपा उज्जैन नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पारसचन्द्र जैन एवं सोनू गेहलोत होंगे। प्रतियोगिता कि तैयारियों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी आनन्द शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें शर्मा द्वारा विभिन्न समिति के संयोजक, सहयोंजक एवं सदस्यों से चर्चा कर तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा आयोजन स्थल का अवलोकन भी किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी पीएल शर्मा ने बताया कि पांच दिवसीय 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अन्तर्गत मलखंभ की प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिता में देश के 18 राज्यों के लगभग 500 खिलाड़ी एवं उनके ऑफिशियल्स सहभागिता करेंगे। प्रचार प्रसार समिति के संयोजक अमितोज भार्गव एवं संजय लालवानी ने बताया कि मलखम्ब के मुकाबले 25, 26 एवं 27 को प्रथम सत्र- प्रात: 9 से 1 बजे तक एवं द्वितीय सत्र में सायं 4 से 7 बजे तक लोकमान्य तिलक उ.मा.वि. परिसर उज्जैन में आयोजित होंगे। बालिकाओं की आवास व्यवस्था रामी माली धर्मशाला व पाटीदार धर्मशाला तथा बालकों की आवास व्यवस्था धाकड़ समाज धर्मशाला, चन्द्रवंशी धर्मशाला व भील ठाकुर समाज धर्मशाला में की गई है।

### राष्ट्रीय शिक्षक विकास पर विचार

**उज्जैन।** निर्मला महाविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक विकास कार्यक्रम के सातवें दिन अगली पीढ़ी अनुसंधान विकसित भारत 2047 की दिशा में उभरते शोध पारिस्थितिकी तंत्र में सूचना संचार प्रौद्योगिकी और भारतीय ज्ञान परंपरा का एकीकरण विषय पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर डॉक्टर चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि सात दिन तक चले इस राष्ट्रीय शिक्षक विकास कार्यक्रम में दिए गए विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई एवं 2047 में विकसित भारत के रूप में भारतीय ज्ञान परंपरा का स्वरूप कैसा होगा एवं किस प्रकार से आने वाली अगली पीढ़ी अनुसंधान और संचार के क्षेत्र में नवाचार कर सकेगी गहन चर्चा हुई।

# देशमुख ने छीना पत्नी बच्चे का सुख, पामेचा ने दिया मरने के बाद भी दुख

## 2 निजी अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर आरोप, उज्जैन के दो अस्पतालों के खिलाफ लापरवाही और अमानवीयता का मामला

**उज्जैन सीएमएचओ ने जांच दल गठित किया**

**दूसरे से भी मांगा दो दिन में जवाब**






**उज्जैन।** शहर के दो प्रमुख निजी अस्पताल संचालकों पर गंभीर आरोप लगाए है। देशमुख अस्पताल और पामेचा सुपर स्पेशलिस्ट हार्ट अस्पताल के जिम्मेदारों ने मरीजों और उनके परिजनों के साथ अमानवीय व्यवहार किया। दोनों अस्पतालों पर सीएमएचओ ने कार्रवाई की है।

नानाखेड़ा वेद नगर स्थित देशमुख अस्पताल पर इलाज में घोर लापरवाही का आरोप है जिसके चलते मां और नवजात दोनों की मौत हो गई, वहीं दूसरी ओर पामेचा अस्पताल पर शव को लेकर अमानवीय व्यवहार करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने दोनों अस्पतालों पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मृतक अंजलि के परिजनों और उनके पति नितेश ने सोशल मीडिया के जरिए आम जनता से अपील की है कि जो भी अपने परिवार से प्यार करता है वह देशमुख अस्पताल में इलाज न कराए। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें स्थानीय कांग्रेस पार्षद राजेन्द्र कुवाल मौके पर पहुंचकर अस्पताल प्रबंधन के प्रमुख डॉ. पामेचा से फोन पर बात कर रहे हैं और निवेदन कर रहे हैं कि शव को वापस अस्पताल में रखा जाए, लेकिन प्रबंधन नहीं माना।

नवभारत से चर्चा में सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल ने बताया कि पामेचा अस्पताल को इस घटना के संबंध में नोटिस जारी कर दिया गया है और दो दिन में जवाब मांगा गया है। वहीं देशमुख अस्पताल से जुड़े मामले की जांच के लिए भी जांच दल गठित कर दिया गया है।

रविवार को पामेचा हॉस्पिटल के बाहर मृतक के परिजनों ने प्रदर्शन भी किया और गुहार भी लगाई कि जिस तरीके से अस्पताल प्रबंधन ने भर्ती मरीज की मौत के बाद में अमानवीय व्यवहार किया है। ऐसे में बड़ी कार्रवाई होना चाहिए मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई और इसके बाद ही पुलिस से लेकर स्वास्थ्य विभाग तक मामला पहुंचा।

**इनका कहना है**

देशमुख अस्पताल का मामला जांच में लिया है, जांच दल गठित किया है। रिपोर्ट आने के बाद में उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं पामेचा अस्पताल प्रबंधन को भी नोटिस जारी किया है। 2 दिन के अंदर जवाब मांगा है।

**डॉ. अशोक पटेल,**
**सीएमएचओ, उज्जैन**

### देशमुख पर मां-बच्चे की मौत का आरोप

उज्जैन के देशमुख अस्पताल में नितेश यादव ने अपनी 34 वर्षीय पत्नी अंजलि यादव को डिलीवरी के लिए भर्ती कराया था। नितेश यादव का आरोप है कि हीमोग्लोबिन और खून की कमी बताए जाने पर दो इंजेक्शन जो उन्हें अल्टरनेट डे पर लगाए जाने थे। उन्हें कंटिन्यू लगा दिया गया। इससे अंजलि की तबीयत बिगड़ने लगी और बाद में गर्भ में पल रहे बच्चे की मूवमेंट रुक गई। चेकअप में पता चला कि बच्चे की मौत पेट में ही हो चुकी है। नितेश यादव का आरोप है कि डॉ. स्नेहल देशमुख (अस्पताल की संचालक) ने लापरवाही बरती। उनके अनुसार तत्काल ऑपरेशन कर बच्चा निकालना था। लेकिन डॉक्टर ने अगले दिन निकाला। इससे इंफेक्शन फैल गया और लगातार अंजलि की हालत खराब होती गई। दुखद रूप से इलाज के करीब एक महीने बाद अंजलि यादव की भी मौत हो गई। मृतका के पति नितेश यादव ने मांग की है कि देशमुख अस्पताल के डॉक्टर श्रीपाद देशमुख और स्नेहल देशमुख पर हत्या की धाराओं में केस दर्ज किया जाए।

### डॉ. देशमुख से नवभारत की चर्चा

नवभारत से चर्चा में डॉ. श्रीपाद देशमुख ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी (अंजलि) की मृत्यु कई दिनों बाद उनके घर पर हुई। ऐसे में अस्पताल ने कोई गलती नहीं की है। उज्जैन के पामेचा सुपर स्पेशलिस्ट हार्ट अस्पताल में एक शव को लेकर अमानवीयता का मामला सामने आया है। आगर मालवा निवासी 40 वर्षीय रितेश भोला को हार्ट अटैक आने पर इस अस्पताल में लाया गया था। जहां उनका निधन हो गया। मृतक की पत्नी और दो बच्चे अस्पताल के अंदर बिलख रहे थे। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से गुहार लगाई थी कि जब तक परिवार के अन्य सदस्य शव लेने नहीं आ जाते, तब तक शव को अस्पताल के अंदर ही रखा जाए। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने एक न सुनी और परिजन के आने से पहले ही शव को अस्पताल से बाहर कर दिया। अस्पताल की इस हरकत के कारण शव करीब एक घंटे तक बाहर एम्बुलेंस में रखा रहा। वैसे ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाना चाहिए ताकि अन्य को सबक मिल सके।

# लोन देने के नाम पर सैकड़ों महिलाओं से लाखों की ठगी

## जालसाजी : महिला से फार्म जमा करने के एवज में 3650 रुपये ले गया, महिलाएं पुलिस कंट्रोल रूम पहुंची

## ग्रीन फील्ड माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों पर लगाए आरोप

**उज्जैन। महिलाओं को एक लाख रुपये लोन देने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। ग्रीन फील्ड माइक्रो फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने फार्म जमा करने व प्रोसेस फीस के नाम पर 3650 रुपये लिए और 60 से अधिक महिलाओं से ठगी कर ली। महिलाओं ने पुलिस कंट्रोल रूम व माधवनगर थाने पहुंचकर शिकायत की है।**

नानाखेड़ा क्षेत्र के अमरदीप नगर, शांति नगर के अलावा जूना सोमवारिया, तिलकेश्वर कालोनी, केडी गेट, बुधवारिया, निकास चौराहा, पांच नंबर नाका सहित शहर की कई बस्तियों की महिलाएं शनिवार को माधव नगर थाने व पुलिस कंट्रोल रूम पहुंची थी। उन्होंने शिकायत की है कि शहीद पार्क के समीप स्थित भवन में ग्रीन फील्ड माइक्रो फाइनेंस कंपनी का कार्यालय है। जहां के कर्मचारी अंकित बर्फा व दो अन्य ने उनके क्षेत्रों में आकर एक-एक लाख रुपये लोन देने का झांसा दिया था। इसके एवज में अंकित व उसके साथियों ने कहा था कि उन्हें प्रोसेस फीस, बीमा व फार्म जमा करने के लिए 3650 रुपये देना होंगे। महिलाओं से उनके दस्तावेज भी लिए गए थे। इनमें दो फोटो, बिजली बिल की कापी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की कापी, राशन कार्ड सहित अन्य दस्तावेज ले लिए थे। वहीं 50 रुपये के स्टाम्प पर भी हस्ताक्षर करवाए गए थे। बताया जा रहा है कि शहर में 300 से ज्यादा महिलाओं ने फार्म जमा कर 3650 रुपये दे दिए थे। फार्म जमा करने के बाद सभी को 10-10 महिलाओं का समूह बनाया गया था। जिसका एक महिला को लीडर बनाया गया था। उसे रजिस्टर भी दिया गया था। एक लाख रुपये लोन मात्र एक फीसद ब्याज पर दिया जाना था। जिसे दो साल में किश्त के रूप में जमा करना था। सभी महिलाओं के बैंक खाते में आठ दिन में लोन के रुपये डालने की बात कही गई थी।




### लोन नहीं मिला तो कार्यालय पहुंचे

रुपये देने व फार्म जमा करने के दस दिन से अधिक गुजर जाने के बाद भी जब महिलाओं के बैंक खाते में रुपये नहीं आए तो उन्होंने अंकित के मोबाइल पर काल किया था। मगर वह बंद आ रहा था। कुछ महिलाएं शनिवार को शहीद पार्क के समीप स्थित ग्रीन फिल्ड माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कार्यालय पहुंची थी। जहां भी ताल लगा मिला तो वह सकते में आ गई। ठगी की शिकायत करने के लिए शनिवार दोपहर 60 से अधिक महिलाएं पुलिस कंट्रोल रूम पहुंची थी। यहां से उन्हें माधव नगर थाने भेज दिया गया। पुलिस ने सभी के आवेदन लिए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।

# गुरु के 350 वें शहीदी पर्व पर सिख समाज की अनूठी पहल, 350 पौधे रोपे




**उज्जैन।** गुरु तेग बहादुर साहिब के 350 वें शहीदी पर्व पर उज्जैन में सिख समाज ने अनूठी पहल करते हुए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय परिसर में 350 पौधे रोपे। इस आयोजन के जरिए समाज ने आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रविवार को यह अनूठा आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में स्थित गुरुजी का बगीचा में रखा गया। जहां एक व्यक्ति एक पेड़ गुरु के नाम के तहत 350 पौधे लगाए गए। इस दौरान सिख समाज सहित अन्य समुदायों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सभी ने यहां पौधारोपण के पश्चात गुरु तेग बहादुर को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में कृषि विभाग के हेड प्रो. राजेश टेलर, प्रो. संदीप तिवारी और एनएसएस समन्वयक शेखर मेदमवार भी उपस्थित रहे। विद्यार्थी और एनसीसी के छात्रों ने भी इस अनूठे कार्यक्रम में सेवा दी। बगीचा में जामुन, अमरूद, आम सहित विभिन्न फलदार पौधे रोपे गए। पौधारोपण के बाद गुरुद्वारा दशमेश दरबार, नानाखेड़ा में सुखमनी साहिब का पाठ और शबद कीर्तन का आयोजन व गुरु का लंगर भी रखा गया।

# दो माह पहले बाइक चोरी करने वाले 2 बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**उज्जैन।** बड़नगर से 2 माह पहले चोरी हुई बाइक उज्जैन के बदमाशों ने चुराई थी। सुराग मिलने पर दोनों को गिरफ्तार कर बाइक बरामद की गई है। दोनों आदतन बदमाश होना सामने आये है। 16 सितंबर को बड़नगर में रहने वाले घनश्याम पिता ओमप्रकाश प्रजापत ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि वह टेंट हाऊस संचालित करता है। उसके अपनी बाइक क्रमांक एमपी 13 ईडब्ल्यू 0449 टेंट हाऊस के सामने खड़ी की थी, जिसे अज्ञात बदमाश चुराकर ले गये हैं। जिसकी कीमत 80 हजार रुपए है। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बदमाशों का पता लगाने के लिये एएसआई सुनील देवके, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, आरक्षक शोभित शुक्ला की टीम गठित की। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, जिसमें 2 बदमाश बाइक चुराकर ले जाते दिखाई दिये। जिनकी पहचान और तलाश करते हुए 2 माह बाद पता चला कि बाइक चुराने वाले उज्जैन कोर्ट मोहल्ला और भैरवगढ़ स्थित गणेश नगर के रहने वाले है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर कोटमोहल्ला के रहने वाले राज पिता श्याम बैरागी 24 साल और गणेशनगर के विशाल पिता राजेश वर्मा 19 साल को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर चुराई बाइक बरामद की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि राज बैरागी आदतन बदमाश है, उसके खिलाफ चोरी, हफ्ता वूसली, मारपीट, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट के 13 महाकाल और भैरवगढ़ थाने में मामले दर्ज है। उसके साथी विशाल के खिलाफ भी 3 अपराध दर्ज होना सामने आये है। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# गिरफ्त में चाकू से हमला कर युवक की हत्या करने वाले 6 आरोपी

**उज्जैन। पुरानी रंजिश में शनिवार रविवार रात तबेले में काम करने वाले युवक की छह बदमाशों ने चाकू मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने रातभर की दबिश के बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।**

नीलगंगा क्षेत्र के एकता नगर स्थित गायों के तबेले में रहने वाले अक्कू पिता मुरली मालवीय 32 वर्ष निवासी इमलीपुरा तिलकेश्वर कॉलोनी पर पुरानी रंजिश के चलते आधा दर्जन बदमाशों ने तबेले का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने के बाद चाकुओं से हमला कर हत्या कर दी। मृतक अक्कू को मवेशी पालक दीपक भट्ट निवासी जयसिंहपुरा रात 12.30 अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां से सूचना मिलने पर नीलगंगा पुलिस घटनास्थल पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे गए। हत्या में शामिल 6 बदमाशों की पहचान हो गई। जिनके नाम अंकित पारोचे, बिट्टू पारोचे, लकी पारोचे, बिट्टू बसोड़, लखन चौधरी और विशाल होना सामने आए। रातभर आरोपियों की तलाश में दबिश दी गई और सुबह तक सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिनसे पूछताछ की जा रही है। पूर्व में भी विवाद होने पर अक्कू पर जानलेवा हमला किया गया था। उक्त मामला भी नीलगंगा थाना पुलिस ने दर्ज किया था और आरोपियों की गिरफ्तारी की गई थी।

### रात 8 बजे नानाखेड़ा पर हुआ था विवाद

बताया जा रहा है कि देर रात हुई अक्क की हत्या से पहले रात 8 बजे के लगभग अक्कू ने अपने साथियों के साथ मिलकर नानाखेड़ा क्षेत्र में ऑटो चलाने वाले संदीप उर्फ नाना से विवाद कर मारपीट की थी। उक्त मामला नानाखेड़ा थाना पुलिस ने दर्ज किया था। संदीप हत्या में शामिल अंकित की ऑटो चलाता है। वह सवारी लेकर नानाखेड़ा गया था तभी अक्कू और उसके साथियों ने संदीप को रोका था और पूछा कि अंकित की ऑटो चलाता है इसी बात पर उसके साथ मारपीट की गई थी। संदीप घायल होने के बाद शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचा था और चोट लगने पर चरक अस्पताल में भर्ती हुआ था। उसने ऑटो मलिक अंकित को अपने साथ हुई मारपीट की जानकारी दी थी इसके बाद अंकित साथियों के साथ एकता नगर तबेले पहुंच गया था। जहां उसने अक्कू की हत्या कर दी।

### गिरफ्तारी में दो थानों की पुलिस

हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने में नील गंगा और नानाखेड़ा खाना पुलिस की टीम शामिल रही। जिसमें नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील, एस आई भूपेंद्र चौहान, वेदप्रकाश साहू, आरक्षक दीपक, दिनकर, पुष्पराज सिंह, नरेश राठौर, अनिल शाक्य, सूरज दायमा, थाना प्रभारी नानाखेड़ा नरेंद्र कुमार यादव, उप निरीक्षक सुरेश क्लेश, आरक्षक विनय जैन, दुले सिंह, जगदीश जरिया शामिल रहे।

**इस्कान मंदिर पर..** 20 किलो वजनी सोने की पॉलिश किया चक्र मुंबई से आया, दर्शन करने श्रद्धालु उमड़े

# उज्जैन के इस्कॉन मंदिर के 80 फीट ऊंचे शिखर पर सुदर्शन चक्र किया स्थापित

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** उज्जैन के भरतपुरी स्थित इस्कॉन मंदिर में रविवार को 80 फीट ऊंचे मुख्य शिखर पर सोने की पॉलिश किया हुआ सुदर्शन चक्र स्थापित किया गया। चक्र को विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर प्रतिष्ठित किया। 20 किलो वजनी यह चक्र मुंबई से मंगवाया गया। इस्कॉन मंदिर उज्जैन के जनसंपर्क अधिकारी राघव पंडित दास ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार सुदर्शन चक्र भगवान श्रीकृष्ण का दैवी आयुध है। जिसका उपयोग धर्म की रक्षा और अधर्म के नाश के लिए किया जाता है। सुदर्शन चक्र 4 फीट लंबा और इतना चौड़ा है। प्रतिष्ठा समारोह में विद्वान आचार्यों के सानिध्य में यज्ञ और अभिषेक किए गए। विधि-विधान पूर्वक पूजन के बाद सुदर्शन चक्र को मंदिर के शिखर पर स्थापित कर दिया गया। समारोह में विशेष रूप से अमेरिका से श्रील प्रभुपाद जी के शिष्य और इस्कॉन के गुरु श्रीमद चंद्रमौली स्वामी महाराज, श्रीपाद कैवल्य प्रभुजी उपस्थित रहे। वहीं मायापुर गुरुकुल के मुख्य श्रीपाद कृष्ण चैतन्य प्रभु ने पुरोहित की भूमिका निभाई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भी मंदिर में उपस्थित होकर सुदर्शन चक्र के दर्शन किए।



### भर्तृहरि गुफा पर मनाई गई गुरु बृहस्पति नाथ की 12 वीं पुण्यतिथि

भर्तृहरि गुफा के पूर्व पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन महंत गुरु श्री 1008 बृहस्पति नाथ महाराज की 12 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर वर्तमान पीठाधीश्वर योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज के सानिध्य में पूजन-अर्चन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सुबह गुफा परिसर में स्थित गुरुदेव की प्रतिमा का पूजन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। दोपहर में धूप-ध्यान कर मीठे व नमकीन पकवानों का भोग लगाया गया। इसके पश्चात साधु-संतों व बटुक ब्राह्मणों का भोज कराया गया। योगी पीर महंत रामनाथ महाराज ने बताया कि बृहस्पतिनाथ महाराज उनके गुरु थे व उनके सानिध्य में कई धार्मिक व सामाजिक कार्य संपन्न किए। गुरु के बताए मार्ग पर ही वे आगे बढ़ते हुए वर्तमान में जनकल्याण के कार्य जारी रखे हुए है तथा समय-समय पर धार्मिक व सामाजिक कार्यों का आयोजन करते हैं।

